सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च

चर्चा में क्यों?

4 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिये सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च किया गया।

प्रमुख बिंदु

- व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा प्रदान करने से प्रदेश के मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ आसानी से मिल सकेंगी।
- इस नवाचार के तहत चैटबॉट के माध्यम से बातचीत कर मतदाता निर्वाचन से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ, जैसे- मतदाता सूची में नाम दर्ज है या नहीं, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के तरीके, उसमें लगने वाले दस्तावेज़ आदि निर्वाचन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं।
- व्हाट्सएप चैटबॉट **ceomadhyapradesh.nic.in** पर उपलब्ध है। यह हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में 24 घंटे उपलब्ध है। नागरिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से व्हाट्सएप चैटबॉट से जुड़ सकते हैं।
- व्हाट्सएप चैटबॉट से वेबसाइट के साथ ही मतदाता क्यूआर कोड के माध्यम से भी सीईओ एम.पी. के व्हाट्सएप चैटबॉट से आसानी से जुड़ सकते हैं। इसके लिये मतदाताओं को क्यूआर कोड स्कैन कर लिंक पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही सीईओ एम.पी. के नाम से वेरीफाइड व्हाट्सएप पेज ओपन होगा।
- क्यूआर कोड भी **ceomadhyapradesh.nic.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/whatsapp-chatbot-launched-in-the-name-of-ceo-mp